RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 309 | नागौर, 16 अक्टूबर, 2022 (रविवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूक्रेन संघर्ष और इंडो-पैसिफिक मुद्दे पर की चर्चा, जी-20 के लिए मिस्र को किया आमंत्रित

नई दिल्ली।

विदेश मंत्री एस जयशंकर मिस्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वो 15 अक्टूबर को वो मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विदेश नीति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित हस्तियों से मुलाकात की है। जयशंकर ने अपने समकक्ष समेह शौकी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

जिसके बाद एस जयशंकर ने कहा कि हाल के दिनों में भारत और मिस्र ने भी रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाया है। हमने अपनी वायु सेना के बीच महत्वपूर्ण अभ्यास किए और मिस्र में नियमित रूप से जहाजों का दौरा किया। इस बात पर चर्चा हुई कि हम रक्षा उत्पादन में कैसे मिलकर काम कर सकते हैं। पिछले साल 7.2 बिलियन डॉलर से अधिक का हमारा अब तक का सबसे अधिक व्यापार था। आज हमने इसकी समीक्षा की और इस बात पर सहमत हुए कि और अधिक विकास की संभावनाएं हैं।

जयशंकर ने कहा कि निवेश भी बहुत सकारात्मक रहा है। भारतीय कंपनियों ने आज 3 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की सूचना दी है। हमने चर्चा की कि हवाई संपर्क कैसे बढ़ाया जाए और पर्यटन को कैसे बढ़ाया जाए। हमारे विश्वविद्यालयों में से एक ने यहां एक तृतीयक शिक्षा संस्थान स्थापित करने के लिए मिस्र के एक उद्यम के साथ समझौता किया है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग की तलाश में हमारे तकनीकी संस्थान मिस्र को एक उपयुक्त भागीदार पाएंगे। जयशंकर ने कहा कि कोविड-19 के प्रकोप के बाद, स्वास्थ्य हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। हमारे पास वैक्सीन सहयोग का एक उत्कृष्ट इतिहास है और हमें विश्वास है कि दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स में अधिक सहयोग पारस्परिक रूप से लाभप्रद होगा। हमारी कई कंपनियां मिस्र को एक उत्पादन केंद्र के रूप में देखती हैं।

रूस यूक्रेन संकट पर बात करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हमने यूक्रेन संघर्ष और उसके परिणामों और उर्वरकों, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के बारे में भी चर्चा की। हमने हिंद-प्रशांत पर अपने विचार साझा किए और फिलिस्तीन के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जी20 की हमारी अध्यक्षता इस साल शुरू हो रही है, और हमने मिस्र को अतिथि बनने के लिए आमंत्रित किया है।



## जेल से यूपी के बागपत आश्रम पहुंचा राम रहीम : वीडियो में श्रद्धालुओं को चुनावी संदेश

हिसार।



हरियाणा में आदमपुर उपचुनाव और पंचायत चुनावों से पहले डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम जेल से बाहर आ गया है। शनिवार सुबह वह सुनारिया जेल से निकलकर उत्तर प्रदेश के बागपत आश्रम पहुंच गया है। वहां पहुंचकर राम रहीम 2 मिनट 15 सेकेंड के लिए वीडियो संदेश जारी किया। जिसमें राम रहीम ने इशारों में चुनावी संदेश दिया। राम रहीम ने कहा कि जैसा आपको बोला था, मानते रहना। जैसे भी आपको जिम्मेदार लोग बताएंगे, वैसा ही करना। मनमर्जी नहीं करनी है। इस बार राम रहीम जेल से बाहर रहकर पहली बार दीवाली मनाएगा।

**राम रहीम का श्रद्धालुओं को संदेश**-हम आश्रम में पहुंच चुके हैं। मालिक सबको खुशियां दें। पहले की तरह जैसे आपको बोला था, मानते रहना। मनमर्जियां नहीं करनी। जिम्मेदार लोगों की बात माननी है। हमें अपने बच्चों पर बहुत गर्व है। परम पिता परमात्मा आपको बहुत खुशियां दें। हमें पता है कि आपने हमारी बात माननी है। थोड़ी देर पहले ही पहुंचे हैं। वो समुद्र आपको याद ही होंगे। समुद्र ज्यादा बढ़कर आए हैं। ये तेरावास यूपी का। इसे आप देख ही रहे हैं। पता आपको चल ही गया। आपसे बातें करते रहेंगे। थोड़े बच्चों, जवानों और बुजुर्गों को आशीर्वाद।

## हरियाणा गृह मंत्री का पंजाब सीएम पर तंजः विज बोले- एसवाईएल से दिक्कत तो नाम बदल देते हैं; भगवंत मान को गलत किताब पढ़ाई

अंबाला।



हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने एसवाअईएल मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए पंजाब सरकार और दिल्ली के मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। गृह मंत्री ने कहा कि उन्हें लगता है कि मान साहब को उनके अधिकारियों ने गलत किताब पढ़ा दी है। मंत्री विज ने अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल इनका मास्टमाइंड है। जो पन्ना केजरीवाल ने पढ़ाकर भेजा है, मान ने वही पन्ना पढ़ दिया होगा। ष्टरू भगवंत मान को केजरीवाल ने पूरी तरह से टाइट कर रखा है। मान अपना अधिकार तो यूज कर नहीं सकते।

गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा और पंजाब सरकार के बीच हुई मीटिंग नहर बनाने के लिए थी, लेकिन पंजाब ष्टरूपानी का रोना रो रहे हैं। वह कौन होते हैं, पानी देने वाले। पानी हिमाचल से आ रहा है। हिमाचल से किसको कितना पानी मिले, उसके लिए ट्रिब्यूनल बना हुआ है। हिमाचल जितना पानी हरियाणा को देगा वह हम ले लेंगे, लेकिन वार्ता रास्ते की है।

## एसएमएस स्टेडियम में बैठकर ऑनलाइन सट्टा लगाते 38 पकड़े

जयपुर।

जयपुर पुलिस ने एसएमएस स्टेडियम में बैठकर ऑनलाइन सट्टा लगाते 38 सटोरियों को पकड़ा है। ये सटोरिए एसएमएस स्टेडियम में खेली जा रही सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट ट्रॉफी मैच पर सट्टा लगाते मिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करोड़ों रुपए का सट्टा हिसाब-किताब जब्त किया है।

एडिशनल डीसीपी (क्राइम) सुलेश चौधरी ने बताया कि इस संबंध में सीएसटी को सूचना मिली कि एसएमएस स्टेडियम सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट ट्रॉफी मैच चल रहा है। क्रिकेट मैच में स्टेडियम में काफी सटोरिए बैठकर ऑनलाइन सट्टा लगा रहे है। सूचना पर सीएसटी, डीएसटी साउथ, ज्योति नगर और विधायकपुरी थाने की टीम बनाई गई। शुक्रवार रात करीब 2 घंटे तक रैकी करके स्टेडियम में ऑनलाइन सट्टा लगाने वालों को चिन्हित किया। क्रिकेट ट्रॉफी मैच पर सट्टा लगाते मिले 38 जनों को पकड़ा गया है। पकड़े गए सभी आरोपियों से ज्योति नगर थाने में पूछताछ कर तस्दीक की जा रही है। साथ ही इसकी भी जांच की जा रही है कि आरोपी यहां बैठकर किससे जुड़े हुए थे। आरोपियों के पास मैच के लाखों रुपए का हिसाब मिला है। जबकि इससे पहले का करोड़ों रुपए की हिसाब मिला है। जिसकी जांच की जा रही है। पकड़े गए आरोपी राजस्थान के अलावा हरियाण, दिल्ली व यूपी के रहने वाले है। ज्योति नगर थाने में देर रात तक आरोपियों से पूछताछ कर जांच की जा रही है।

## वैश्विक बाधाओं के बावजूद पटरी पर रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : वित्त मंत्री सीतारमण

नई दिल्ली।



अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक वित्त समिति की वार्षिक बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक बाधाओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था पटरी पर बनी रहेगी। निर्मला ने आगे कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी : सीतारमण ने कहा कि आइएमएफसी की बैठक ऐसे समय पर की जा रही है जब वैश्विक आर्थिक स्थिति नकारात्मक जोखिमों से घिरा हुआ है। सीतारमण ने कहा, वैश्विक बाधाओं के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था सही दिशा में बनी रहेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने आइएमएफसी के सदस्यों को बताया कि भारत सरकार ने मुद्रास्फीति प्रबंधन को आगे बढ़ाते हुए विकास की रक्षा के लिए पहल की है। सीतारमण ने कहा कि भारतीय सरकार ने देश के विशाल सार्वजनिक वितरण नेटवर्क के माध्यम से पिछले 25 महीनों से 80 करोड़ से अधिक कमजोर परिवारों को मुफ्त खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित की । गरीबों को वित्तीय सेवाएं पहुंचाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता रही है और इसे भारत के डिजिटल पब्लिक गुड इंफ्रास्ट्रक्चर से मदद मिली है। सीतारमण ने कहा, भारत का लेनदेन लागत दुनिया में सबसे कम है।

## राहुल गांधी इतिहास बनाने जा रहे, अब तक ऐसी यात्रा नहीं हुई : सीएम गहलोत



बेल्लारी/जयपुर।

राजस्थान के सियासी बवाल के बाद पहली बार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज कर्नाटक के बेल्लारी पहुंचकर राहुल गांधी की सभा और यात्रा में हिस्सा लिया। बेल्लारी की सभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा- राहुल गांधी देश में इतिहास बनाने जा रहे हैं। पहली बार इतनी लंबी यात्रा शुरू की है, यह बिना देश के साथ कमिटमेंट के नहीं हो सकता। साधु संत भी यात्रा करते हैं तो रास्ते में विश्राम लेते हैं लेकिन राहुल गांधी बिना थके रोज 25 किलोमीटर चल रहे हैं। इतनी लंबी संघर्षमयी और बहुत टफ यात्रा है यह। अब तक ऐसी यात्रा हुई नहीं है। राहुल देश बचाने की चिंता कर रहे हैं। गहलोत ने कहा- राहुल गांधी का संदेश है कि सभी जाति, वर्गों, धर्मों में आपसी भाईचारा हो। प्यार मोहब्बत की राजनीति हो, हिंसा का कोई स्थान न हो, यह माहौल बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए राहुल गांधी निकले हैं और कारवां चल पड़ा है। सोचिए, 3500 किलोमीटर में से 1000 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली है। जिस जज्बे और हौसले के साथ राहुल गांधी यात्रा कर रहे हैं वह देश के साथ कमिटमेंट के बिना पूरी नहीं हो सकती। राहुल गांधी का कमिटमेंट देश के गरीब, पिछड़े, दलित, मजदूरों, किसानों के साथ है। राहुल गांधी चाहते हैं देश एक अखंड रहे। इसी संदेश को लेकर यात्रा शुरू की है।

**राहुल गांधी देश में इतिहास बनाने जा रहे**-गहलोत ने कहा- राहुल गांधी देश में इतिहास बनाने जा रहे हैं। पहली बार देश में इस तरह की यात्रा हो रही है। यह यात्रा चुनौतियों से सामना करने के लिए है। देश की चुनौतियां फासिस्ट ताकतें हैं। देश को बर्बाद करने पर तुले हुए है। लोकतंत्र खतरे में है। महंगाई की मार आम आदमी पर पड़ रही है। राहुल गांधी का संदेश देश के कोने कोने में पहुंच रहा है। देश किस दिशा में जा रहा है और किस दिशा में जाएगा, यह कोई नहीं कह सकता।

**यूपीए सरकार को बदनाम करके बीजेपी ने सत्ता हासिल की**-गहलोत ने कहा- देश बीजेपी की चालों को समझ चुका है। यूपीए सरकार को बदनाम करके इन्होंने सत्ता हासिल की थी। न लोकपाल आया न काला धन आया। यूपीए राज में पहली बार कानून बनाकर अधिकार आधारित युगकी शुरुआत की गई थी। यूपीए राज में सूचना का अधिकार कानून, शिक्षा का अधिकार कानून, नरेगा, खाद्य सुरक्षा कानून दिया।

**कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का दावा**-गहलोत ने कहा- कर्नाटक वालों ने इतिहास बनाया है। मुझे याद है इंदिरा गांधी ने चिकमंगलूर सेचुनाव लड़ा था, उस समय बचपन में हम भी आए थे। बेलारी से सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा था,वह वक्त भी याद है। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनेगी। कर्नाटक से जो बदलाव शुरू होगा, यह बदलाव फिर पूरे मुल्क में होगा।

### देश बनाने के लिए पंडित नेहरू जैसी सोच की जरूरत

गहलोत ने कहा- धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करना आसान होता है लेकिन देश का निर्माण करने के लिए पंडित नेहरू जैसी सोच की जरूरत होती है। पंडित नेहरू ने जिन संस्थाओं की शुरूआत की, उस पर आज देश खड़ा है। आज बीजेपी के लोग जिस तरह का तानाबाना बुन रहे हैं, देश में जिस तरह तनाव, हिंसा और सांप्रदायिकता का माहौल बना है, उसे देश बर्दाश्त नहीं कर पाएगा, अफोर्ड नहीं कर पाएगा।

## आतंक के लिए शरीर नहीं, दिमाग की जरूरत

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने जीएन साईबाबा को किया बरी तो सुप्रीम कोर्ट ने लगाया स्टे



नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को बॉम्बे हाईकोर्ट से बरी किए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने कहा कि मामले में विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है, इसलिए अभी साईबाबा जेल से बाहर नहीं निकल पाएंगे। इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईंबाबा की दोषसिद्धि को रद्द कर दिया था। साईंबाबा को 2017 में गढ़चिरौली की सत्र अदालत ने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के साथ कथित संबंधों के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### साईबाबा और अन्य के खिलाफ केस

2013 में गढ़चिरौली में पुलिस ने दावा किया कि उसे भाकपा (माओवादी) के सक्रिय सदस्यों और उसके मोर्चे रिवोल्यूशनरी डेमोक्रेटिक फ्रंट के बारे में गुप्त सूचना मिली है। पुलिस ने उस साल महेश तिर्की, पांडु नरोटे, हेम मिश्रा, विजय तिर्की और पत्रकार प्रशांत राही को गिरफ्तार किया था। 9 मई 2014 को साईंबाबा को गिरफ्तार किया गया था। सभी छह आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधियों के जरिए भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया था। साईंबाबा सहित आरोपियों पर माओवादी साहित्य, पत्र, पत्राचार, पर्चे, और भाकपा (माओवादी) की बैठकों के ऑडियो-वीडियो क्लिप वाले दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के कब्जे में पाए जाने का आरोप लगाया गया था। 7 मार्च, 2017 को गढ़चिरौली सत्र अदालत ने आरोपी को गैरकानूनी गतिविधियों, साजिश, यूएपीए के तहत आतंकवादी गिरोह की सदस्यता और समर्थन और भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक साजिश के आरोपों में दोषी ठहराया।

## हिमाचल में शाह ने गिनाए डबल इंजन सरकार के फायदे : बोले राजा-महाराजा का टाइम गया, हरी-लाल टोपी के दिन गए, सब भाजपा की...


शिमला/ सिरमौर।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में रैली की। हाटी आभार रैली के दौरान अमित शाह ने कहा कि अब राजा-महाराजा का टाइम चला गया है। अब लोकतंत्र का समय है। हिमाचल में जनता की चलेगी।

ये डबल इंजन सरकार जो है, इसे हमने देखा है और समझा है और इसके फायदे देखे हैं। शाह बोले- दिन लद गए हरी टोपी और लाल टोपी, ऊपर का हिमाचल और नीचे का हिमाचल, कुछ नहीं है भाई। हरी टोपी भी भाजपा की है और लाल टोपी भी भाजपा की है। ऊपर भी भाजपा है और नीचे भी भाजपा है।

इस दौरान अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश चुनाव के लिए चुनावी थीम सॉन्ग %हिमाचल की पुकार, भाजपा सरकार को लांच किया। यह गाना उदित नारायण ने गाया है।

### कांग्रेस ने हाटी समुदाय के साथ 55 साल अन्याय किया



गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि शाह ने कहा कि हाटी समुदाय को जनजातियां का दर्जा देकर मोदी ने लोगों के 55 साल के संघर्ष को एक झटके में समाप्त किया है। उन्होंने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि कांग्रेस का काम आग लगाने का है जबकि पीएम नरेंद्र मोदी का काम विकास करने का है।

उन्होंने कहा कि अबकी बार देश में रिवाज बदलता जा रहा है। हिमाचल में भी रिवाज बदलने वाला है। हिमाचल में भाजपा सरकार रिपीट करेगी। सतौन में भाजपा की रैली के लिए पहुंचने पर गृह मंत्री अमित शाह ने हाटी समुदाय प्रधान रजनीश के घर लंच किया। जहां मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज ने उनका स्वागत किया।

### शाह ने राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस को घेरा

अमित शाह ने अयोध्या राम मंदिर और जम्मू कश्मीर में धारा 370 का जिक्र करते हुए कहा इतने साल बीत गए लेकिन ये काम कोई नहीं कर पाया। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर भी तंज कसा। शाह ने कहा कि वे चुपचाप देखते रहते थे लेकिन करते कुछ नहीं थे। अब कोई देश की तरफ देखता है तो उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाता है।

## न्याय देने में देरी एक प्रमुख बाधा, पीएम मोदी बोले- गरीबों को न्याय मिलना भी हुआ बहुत आसान

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कानून मंत्रियों और कानून सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब लोकहित को लेकर सरदार पटेल की प्रेरणा, हमें सही दिशा में भी ले जाएगी, और हमें लक्ष्य तक पहुंचाएगी भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के समाज की विकास यात्रा हजारों वर्षों की है। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय समाज ने निरंतर प्रगति की है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की सबसे बड़ी विशेषता ये है कि वो प्रगति के पथ पर बढ़ते हुए, खुद में आंतरिक सुधार भी करता चलता है। हमारा समाज अप्रासंगिक हो चुके कायदे-कानूनों, कुरीतियों को, गलत रिवाजों को हटाता भी चलता है। उन्होंने साफ कहा कि न्याय देने में देरी एक प्रमुख बाधा है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से देश में बीते वर्षों में लाखों केसों को सुलझाया गया है। इनसे अदालतों का बोझ भी कम हुआ है और खासतौर पर, गांव में रहने वाले लोगों को, गरीबों को न्याय मिलना भी बहुत आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को सरकार का भाव भी नहीं लगना चाहिए और देश के लोगों को सरकार का दबाव भी महसूस नहीं होना चाहिए। देश ने डेढ़ हजार से ज्यादा पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को रद्द कर दिया है। इनमें से अनेक कानून तो गुलामी के समय से चले आ रहे हैं। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि देश में त्वरित न्याय का एक और माध्यम लोक अदालतें भी बनी हैं।

## सम्पादकीय

# बेलगाम पुलिस

**उत्तर प्रदेश** पुलिस आए दिन अपनी मनमानी कार्रवाइयों को लेकर खबरों में बनी रहती है। अपराध मिटाने के नाम पर वह सारे नियम-कायदों को ताक पर रखने से भी गुरेज नहीं करती। अब उस पर उत्तराखंड पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह भी विचित्र है कि एक राज्य की पुलिस पर दूसरे राज्य की पुलिस आपराधिक मुकदमा दर्ज करे। हालांकि दोनों राज्यों में एक ही राजनीतिक दल की सरकार है। मगर मामला कुछ ऐसा संगीन है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत पड़ी। दरअसल, पिछले दिनों मुरादाबाद में खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस के साथ माफिया की हिंसक झड़प हो गई थी। उसी मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने आरोपियों की धर-पकड़ शुरू की।

उसे सूचना मिली थी कि उनमें से एक इनामी बदमाश उत्तराखंड के काशीपुर में छिपा हुआ है। फिर उत्तर प्रदेश की एक टीम सूचना वाले ठिकाने पर पहुंची और घर में घुस गई। मकान मालिक के रोकने के बावजूद सीधा गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें घर की मालकिन को गोली लगी और उसने दम तोड़ दिया। तब तक भीड़ जुट गई और उसने चार पुलिस कर्मियों को पकड़ लिया। मकान मालिक भी रसूखदार व्यक्ति है। उसने उत्तराखंड पुलिस में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई, उसी आधार पर उत्तर प्रदेश के पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

कायदे से जब कोई पुलिस टीम किसी दूसरे राज्य में अपराधियों की धर-पकड़ के लिए जाती है, तो उसे वहां की पुलिस को पहले सूचित करना पड़ता है। मगर उत्तर प्रदेश पुलिस ने ऐसा नहीं किया। उसे आनन-फानन कार्रवाई करना इतना जरूरी लगा और उसे अपनी कार्यशैली पर इतना भरोसा था कि घर में घुस कर पुलिस ने गोली चलानी शुरू कर दी। शायद उसे इस बात का इल्म नहीं कि किसी रिहाइशी मकान में घुस कर बिना किसी चेतावनी और घर को खाली कराए बगैर, जब तक बेहद जरूरी न हो, हथियार का इस्तेमाल नहीं किया जाता। वे ऐसे किसी खूंखार अपराधी या आतंकवादी को पकड़ने नहीं गए थे और न उन पर कोई हमला हुआ था, जिसके जवाब में उन्हें गोली चलानी पड़े।

फिर उन्होंने सामान्य तरीके से तलाशी लेना क्यों उचित नहीं समझा। हालांकि यह पहली घटना नहीं है, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस ने गोली दाग कर अपराधी को पकड़ने का प्रयास किया। लखनऊ में कार में बैठे एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के कर्मचारी को भी बिना किसी चेतावनी के इसी तरह गोली मार दी गई थी। गोरखपुर के एक होटल में रुके व्यवसायी को अपराधी होने के शक में पीट-पीट कर मार डाला गया था। ऐसी अनेक घटनाएं हैं।

पुलिस को तभी गोली चलाने का अधिकार है, जब उस पर कातिलाना हमला हो। गोली चलानी भी पड़े तो कमर के नीचे निशाना लगाना होता है, न कि शरीर के ऐसे हिस्से में जिससे मौत निश्चित हो। क्या उत्तर प्रदेश पुलिस को ऐसा बुनियादी प्रशिक्षण भी नहीं है? फिर उसमें और पेशेवर अपराधी में क्या अंतर है? योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने का संकल्प लिया था और पुलिस को कई मामलों में आजादी दे दी थी। मगर इसका अर्थ शायद पुलिस ने यह लगा लिया है कि गोली चलाना ही उसका सबसे पहला काम है। उत्तर प्रदेश सरकार ने उसकी इन मनमानियों पर अंकुश लगाने की कोशिश नहीं की। शायद उत्तराखंड पुलिस की कार्रवाई से उसे कुछ सबक मिले।

# बढ़ती लागत, घटती आमद

**किसान उर्वरकों के किफायती उपयोग के बजाय, नकली उर्वरक और कालाबजारियों की लूट का शिकार हो रहे हैं। खरीफ फसलों में किसानों का रुझान धान की फसल की तरफ तेजी से बढ़ा है। इसकी वजह सोयाबीन जैसी तिलहनी और अरहर, मूंग, उड़द जैसी दलहनी फसलों में लागत अधिक होने और अनिश्चितता की परिस्थितियां, लगातार नुकसान के कारण धान के रकबे में बिगत तीन वर्षों में वृद्धि हुई है। मगर सरकार की नीतियां अब धान उत्पादक किसानों को विचलित कर रही हैं। वर्ष 2019-20 के मुकाबले 2021-22 में भारत के गैर-बासमती चावल के निर्यात में 11.17 फीसद और बासमती चावल के निर्यात में 19.69 फीसद की गिरावट दर्ज हुई है। इसकी वजह सरकार की नीतियां और प्रशासनिक लापरवाही रही है। मार्च-अप्रैल 2022 में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय सिर्फ गेहूं के निर्यात पर ध्यान लगाए हुआ था। बंदरगाहों पर चावल उतारने का स्थान उपलब्ध नहीं था। कंटेनर नहीं थे। बाद में सरकार ने गेहूं के निर्यात को प्रतिबंधित किया, लेकिन तब तक व्यापारियों के चावल निर्यात के करार की समय सीमा खत्म हो गई थी।**

**केंद्र** सरकार ने इस वर्ष तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था। हालांकि सरकार ने इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 2015-16 को आधार वर्ष माना है, जब किसानों की औसत वार्षिक आय 93,216 रुपए आंकी गई थी। बेशक पिछले छह वर्षों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में पहले से वृद्धि हुई है। कृषि बजट में वृद्धि की गई है, जो अब 1.23 लाख करोड़ रुपए का है। कृषि में निवेश भी बढ़ा है। मगर इन सब के विपरीत खेती में काम आने वाले बीज, उर्वरक, कीटनाशक, डीजल सहित मजदूरी भी इन छह वर्षों में दोगुनी हो चुकी है। इस लागत में किसान ने सरकार से मिलने वाली सम्मान निधि को भी खपा दिया है, मगर उसके हाथ पहले से ज्यादा खाली हैं। लगातार प्राकृतिक आपदाओं और तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन ने कृषि की उत्पादकता और उसकी गुणवत्ता को प्रभावित किया है। एक बार फिर खेती घाटे के सौदे में तब्दील होने लगी है। सरकार की कृषि व्यापार नीति और कृषि आय बढ़ाने के लिए लागू किए जा रहे उपायों के परिणाम अभी तक बहुत उत्साहजनक साबित नहीं हुए हैं। यह रबी फसलों की बुआई का समय है, लेकिन किसानों के पास अच्छी गुणवत्ता के बीज नहीं हैं। अधिकांश राज्य सरकारों के पास अभी तक पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध नहीं हैं। यूरिया का उपयोग कम करने के लिए इसके उत्पादन और आयात को कम किया जा रहा है, लेकिन इसके बेहतर विकल्प और किसानों को उनके उपयोग के प्रति सचेत करने में सरकारी प्रयास अधूरे हैं।

चालू खरीफ सीजन में मौसमी अनिश्चितता ने तिलहन और दलहन के घरेलू उत्पादन को निचले पायदान पर ला दिया है। पिछले साल की तुलना में तिलहन की बुआई एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में कम हुई है। दलहन की बुआई में सात लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की कमी आई है। दूसरी तरफ, कटाई के दौरान बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के कारण दलहन और तिलहन की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादक राज्य मध्यप्रदेश और राजस्थान में सोयाबीन की खेती अधिक लागात पर पर्याप्त उत्पादन न देने वाली फसल बन चुकी है। मध्य प्रदेश में सोयाबीन के खेतों पर अन्य राज्यों की तुलना में कर अधिक है। राज्य के व्यापारी वर्षों से कर कम करने की मंग करते आ रहे हैं। मगर राज्य सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। दूसरे देशों में जहां प्रतिवर्ष औसत उत्पादन बढ़ रहा है, हमारा किसान सोयाबीन की बिगड़ी फसलें देखकर आत्मघात जैसे कदम भी उठा रहा है। इन्हीं वजहों से पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में सोयाबीन की बुआई डेढ़ लाख हेक्टेयर कम हुई है। गुजरात में भी मूंगफली का रकबा घटा है। देश की पूंजी का बड़ा हिस्सा दलहन और तिलहन के आयात पर खर्च हो रहा है। मगर परंपरागत फसलों के विकल्प देने और मौसम की मार सहन करने वाले बीजों को विकसित करने में हमारे अनुसंधान केंद्र बहुत पिछड़े हुए हैं। बीज और उर्वरकों की उचित मात्रा का सटीक ज्ञान देश के सत्तर फीसद किसानों को अब भी नहीं है। मगर केंद्र सहित राज्य सरकारें इन व्यवस्थाओं पर अपने संसाधन खर्च नहीं कर पा रही हैं। इन हालात में नवीन कृषि खोजें कभी पूरी न हो पाने



वाली कल्पना साबित होने लगी हैं। देश में दलहनी और तिलहनी फसलों के घटते रकबे की वजह इन फसलों की कटाई के लिए संसाधन न मिल पाना भी है। सोयाबीन, उड़द और मूंग की सत्तर फीसद कटाई मजदूरों पर निर्भर है। पहले की तुलना में अब मजदूर दो से तीन गुना अधिक मजदूरी मांगने लगे हैं। देश के बड़े हिस्से में मानसून देर से सक्रिय होने से धान की फसल प्रभावित हुई है। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वर्षा की कमी से धान का उत्पादन कम होने के आसार हैं। धान के उत्पादन में पचास लाख टन कमी का अनुमान है। सोयाबीन का उत्पादन पिछले साल की तुलना में पांच फीसद कम होने का अनुमान है। धान उत्पादन में अनुमानित कमी के आधार पर केंद्र सरकार ने चावल के निर्यात पर रोक लगााने के साथ चावल की चूरी पर बीस फीसद शुल्क लगा दिया है। देश में चावल चूरी की खपत बहुत कम होती है। चीन, बांग्लादेश में इस चूरी चावल का उपयोग पशु आहार, नूडल्स और शराब बनाने में होता है। इससे देश के किसानों को न केवल अच्छे भाव मिलते हैं, बल्कि उनका अनुपयोगी दाना-दाना ठिकाने लग जाता है। वर्ष 2021-22 में चावाल चूरी का निर्यात 213 लाख टन रहा, लेकिन नए कर की वजह से चालू वर्ष में देश के चूरी चावल के निर्यात में चालीस से पचास लाख टन की कमी आना माना जा रहा है। सरकार की निर्यात नीतियां किसानों में मूल्य घाटा और उत्पादन के प्रति भय पैदा करने वाली हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से रबी फसलें अब फरवरी और मार्च माह की तेज गर्मी के चलते पकने से पहले ही सूखने लगी हैं। पिछले साल मौसम में हुए इस परिवर्तन से देश में गेहूं का उत्पादन लगभग तेईस लाख टन कम हुआ था। आने वाले समय में मौसम के सटीक पूर्वानुमान के लिए भारत के पास अमेरिका, आस्ट्रेलिया, इजराइल जैसा विकसित तंत्र नहीं है। आगामी रबी फसल को लेकर किसानों के सामने फसल चयन की चुनौती है। अगर वह गेहूं की बुआई करता है तो पिछले साल की तरह अत्यधिक गर्मी से समय पूर्व फसल पकने का खतरा है। चना, मसूर का चयन करता है तो इस वर्ष की अत्यधिक वर्षा अनेक रोगों को जन्म दे सकती है। वहीं इस वर्ष दलहनी फसलों में तुषार और पाले का संभावित खतरा किसानों को असमंजस में डाले हुए है।

## स्वास्थ्य समाचार

# रात में काजू-किशमिश खाने से सेहत को मिल सकते हैं ये फायदे

काजू और किशमिश खाने से आपकी सेहत को कई लाभ मिलते हैं। इससे आप न केवल स्वस्थ रहते हैं बल्कि यह आपको बीमारियों से दूर रहने में भी मदद करता है। साथ ही हेल्दी और फिट बॉडी के लिए भी आप रात में काजू और किशमिश खा सकते हैं। कई लोगों को रात का खाना खाने के बाद कुछ मीठा या नमकीन खाने का मन करता है। ऐसे में कई लोग बहुत अधिक चॉकलेट और चिप्स आदि का सेवन कर लेते हैं, जिससे उनका वजन बढ़ सकता है। साथ ही ये चीजें आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। लेकिन इस तरह की चीजों के सेवन की बजाय अगर आपको रात में कुछ खाने का मन करें, तो काजू और किशमिश मिलाकर खा सकते हैं। इसका अलग स्वाद आपकी क्रेविंग को भी बैलेंस कर सकता है। इसके अलावा आप इसे घर की बनी किसी स्वीट डिश में गर्निश करके भी डाल सकते हैं। इससे भी खाने का स्वाद बढ़ सकता है। इससे आपको रात में अच्छी नींद भी आती है और आप सुबह तरोताजा अनुभव करते हैं।



### दिमाग को बनाए तेज

रात में काजू और किशमिश खाने से आपको कई फायदे हो सकते हैं। इससे आपका दिमाग तेज होता है। इसमें पाया जाने वाला हेल्दी फैट्स आपके मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने और कोशिकाओं के विकास के लिए काफी फायदेमंद होता है। साथ ही काजू और किशमिश में आयरन, मैग्नीशियम और जिंक पाया जाता है, जो मस्तिष्क की नसों को शांत करता है। ये पोषक तत्व स्ट्रेस और तनाव दूर करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद

रात में काजू और किशमिश खाने से आपका पाचन तंत्र भी सही रहता है। दरअसल इसमें मौजूद फाइबर आपके भोजन का अच्छे से पाचन करता है और साथ ही एसिडिटी और कब्ज से भी छुटकारा दिलाता है। इसके सेवन से आप अपना वजन भी कम कर सकते हैं। यह फूड क्रेविंग को भी कम करता है।

### ह्रदय समस्याओं में लाभकारी

आज के समय में कई लोग ह्रदय समस्याओं से परेशान हैं। ऐसे में आप रात में काजू और किशमिश का सेवन कर सकते हैं। दरअसल काजू और किशमिश में गुड फैट्स और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम, कॉपर, मैंगनीज, जिंक, पोटैशियम और सेलेनियम जैसे मिनरल्स होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत आवश्यक होते हैं। इनका मिश्रण कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर सकता है और यह दिल की बीमारियों को दूर करता है।

### एनीमिया की समस्या में

रात में काजू और किशमिश खाने से आप एनीमिया की समस्या से बच सकते हैं। इनमें मौजूद आयरन और विटामिन बी काम्प्लेक्स आपके शरीर में खून की कमी नहीं होने देते हैं।

# सफेद बैंगन खाने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे, कई स्वास्थ्य समस्याएं रहती हैं दूर

बैगनी रंग का बैंगन तो आपने कई बार खाया होगा, लेकिन क्या आपने सफेद बैंगन खाया है? सफेद बैंगन स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन के लिए काफी हेल्दी होता है। इसके साथ ही यह डायबिटीज मरीजों के लिए भी फायदेमंद होता है। नियमित रूप से सफेद बैंगन को आहार में शामिल करने से गैस, एसिडिटी और कब्ज की परेशानी को दूर किया जा सकता है। सफेद बैंगन पोटैशियम, कॉपर, मैग्नीशियम, विटामिन बी जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। सफेद बैंगन ही नहीं, इसके पत्तों के इस्तेमाल से भी स्वास्थ्य को कई फायदे होते हैं।

### वजन घटाने में कारगर

सफेद बैगन कई जरूरी पोषक तत्वों के साथ-साथ फाइबर से भी भरपूर होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करता है। इससे आप बिना वजह खाने से बच सकते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल करे कम

सफेद बैंगन का सेवन करने से खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम किया जा सकता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व खून में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करते हैं और गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं। इससे आपका हार्ट भी लंबे समय तक स्वस्थ रह सकता है।

### शुगर लेवल को करें कंट्रोल

डायबिटीज मरीजों के लिए सफेद बैंगन काफी हेल्दी होता है। खासतौर



पर इसकी पत्तियों का सेवन करने से ब्लड में शुगर का स्तर कम होता है। इसके पत्तों में मौजूद फाइबर और मैग्नीशियम शुगर लेवल कंट्रोल रखते हैं।

### पाचन को बनाए रखे स्वस्थ

सफेद बैंगन में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को सुरक्षित रखने में फायदेमंद होता है। नियमित रूप से सफेद बैंगन को आहार में शामिल करने से कब्ज, गैस, एसिडिटी संबंधी परेशानियां दूर होती हैं।

### किडनी के लिए फायदेमंद

सफेद बैगन के पत्ते डी-टॉक्सिक होते हैं, इसलिए अगर आप अपनी किडनी को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो सफेद बैंगन और इसकी पत्तियों को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। इससे आपकी किडनी स्वस्थ रहती है।

### बढ़ाता है ब्रेन फंक्शन

सफेद बैंगन फाइटोन्यूट्रिएंट्स नामक प्राकृतिक केमिकृस से भरपूर होते हैं, जिन्हें मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए जाना जाता है। यह शरीर और मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को बेहतर करने में आपकी मदद करता है। ब्रेन में ब्लड फ्लो बेहतर होने से याददाश्त क्षमता बढ़ती है। साथ ही मानसिक समस्याएं भी दूर रहती हैं।

# सर्दी-जुकाम होने पर पिएं इन मसालों से बनी चाय, मिलेगा आराम

मौसम बदलने पर अधिकतर लोगों के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है। इसकी वजह से उन्हें तरह-तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनमें सर्दी-जुकाम और खांसी होना बेहद आम है। सर्दी-जुकाम या खांसी होने पर अधिकतर लोग कफ सिरप ले लेते हैं या फिर कोई दवा खा लेते हैं। कई लोग सर्दी-जुकाम ठीक करने के लिए काढ़ा पीने की सलाह देते हैं। लेकिन काढ़ा कड़वा या कसैला हो सकता है, ऐसे में आप चाहें तो मसाले वाली चाय पी सकते हैं। मसाला चाय न सिर्फ स्वाद में अच्छी होती है, बल्कि आपकी इम्यूनिटी को भी बढ़ाती है।

**अदरक की चाय :** अदरक औषधीय गुणों से भरपूर होता है। सर्दी-जुकाम होने पर अकसर अदरक का रस पीने की सलाह दी जाती है। आप चाहें तो अदरक की चाय भी पी सकते हैं। अदरक में विटामिन सी और ई पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं। इससे सर्दी-जुकाम और खांसी से राहत मिल सकती है।

**काली मिर्च की चाय :** सर्दी-जुकाम या खांसी होने पर आप काली मिर्च से बनी चाय भी पी सकते हैं। काली मिर्च में कई औषधीय गुण होते हैं, जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा काली मिर्च में पाइपरिन नामक कंपाउंड होता है, जो सर्दी-जुकाम और खांसी की समस्या से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। आप काली मिर्च के पाउडर को अपने भोजन में भी शामिल कर सकते हैं।



**तेजपत्ता की चाय :** अगर बदलते मौसम में आप सर्दी-जुकाम और खांसी से परेशान रहते हैं, तो ऐसे में तेजपत्ता की चाय पीना फायदेमंद हो सकता है। तेजपत्ता में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन ए पाया जाता है। इसके अलावा इसमें आयरन और पोटेशियम भी होता है। तेजपत्ता की चाय स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिक भी होती है। अगर आपको सर्दी-जुकाम हो रहा है, तो आप दिन में एक बार तेजपत्ता की चाय पी सकते हैं।

**दालचीनी की चाय :** दालचीनी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन्स, कैल्शियम, पोटेशियम और प्रोटीन पाया जाता है। अगर बदलते मौसम में आपको सर्दी-जुकाम और खांसी हो रही है, तो आप दालचीनी की चाय पी सकते हैं। दालचीनी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है, साथ ही मौसमी बीमारियों से भी बचाती है। आप दिन में एक बाद दालचीनी की चाय बनाकर पी सकते हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज अपनी बोली में मिठास बनाए रखें, इससे किसी से विवाद होने की आशंका दूर रहेगी। मित्रों के साथ यात्रा पर जाना हो सकता है। महत्वपूर्ण कामों को आज समय पर पूरा कर पाएंगे। धन लाभ की संभावना है।

### वृषभ

आप आज शारीरिक और मानसिक रूप से उत्साही रहेंगे। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। दोपहर बाद आप किसी बात लेकर निर्णय नहीं ले पाएंगे। जल्दबाज़ी में कोई अवसर हाथ से गंवा देंगे।

### मिथुन

जिदी स्वभाव के कारण किसी से बहस हो सकती है। भाई-बंधुओं के साथ संबंध में प्रेम और सहकार की भावना रहेगी। आज हर मामले में संभलकर चलें। घर में परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है।

### कर्क

आज कोई नया काम शुरु ना करें, अन्यथा वह अधूरा ही बना रहेगा। शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक चिंता का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण में अनुकूलता बनी रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

### सिंह

आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपके मन में कई प्रकार की चिंता उठेगी।

### कन्या

आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

### तुला

नए काम शुरु करने के लिए आज का दिन अनुकूल है। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी।

### धनु

आज परिवार में सुख और आनंद का अनुभव करेंगे। परिजनों के साथ सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा। कोई यात्रा हो सकती है। दोपहर के बाद आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा।

### मकर

आज का दिन शुभ फलदायी होगा। शरीर और मन से अस्वस्थ रहते हुए भी आप अपने अधूरे काम को पूरा करने के लिए प्रयास करेंगे। कोई निवेश प्लान कर सकते हैं। कार्यालय में सह कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा।

### कुंभ

आज आप अपने व्यवहार से किसी का दिल जीत सकते हैं। आपका नेटवर्क बढ़ेगा। किसी अच्छे निवेश में धन लगा पाएंगे। आज का पूरा दिन आनंद के साथ गुजरेगा। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

### मीन

आज आप सभी कामों को आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। वाहन, मकान आदि की कागज़ी कार्रवाई ध्यान से ही करें।

# बाईक की टक्कर से छात्रा सहित 3 घायल

## दो जनों को गंभीर हालत में जयपुर किया रैफर



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** निम्बी जोधा में तेज रफ्तार बाईक की टक्कर से एक मासूम छात्रा सहित 3 जने घायल हो गए, जिनमें से दो जनों की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार निम्बी जोधां स्थित आदर्श स्कूल की पहली क्लास की छात्रा स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूल वाहन से अपने घर लौट रही थी। निम्बी टोल से आगे पेट्रोल पंप के पास झुमरमल प्रजापत की ढाणी में स्कूल बस से उतरते समय गलत साइड से आ रही तेज रफ्तार बाईक ने उसको टक्कर मार दी, जिसकी टक्कर से छात्रा काफी दूर जा गिरी व बाईक भी अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना से बालिका सुमित्रा पुत्री बजरंग प्रजापत व बाइक सवार मितेश सोनी पुत्र दिनेश सोनी व अभिषेक निवासी सुजानगढ़ घायल हो गए। घायलों को स्कूल संचालक राजूराम बिडियासर व स्थानीय लोगों की मदद से लाडनूँ के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉ. किशनाराम पुनिया, डॉ ताराचंद व नर्सिंग स्टाफ सुनील कुमार, महावीर नवल, महेंद्र भाटी आदि की टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद गंभीर हालत में सुमित्रा व मितेश सोनी को जयपुर रैफर किया गया है।

# रीको क्षेत्र के सामने बंजर भूमि पर लगी आग, दमकल की फिर कमी खली

## आग बुझने के बाद पहुंची दमकल, ग्रामीणों ने टैंकरों से पाया आग पर काबू

रमेश जाजड़ा



**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के बरनेल रोड़ स्तिथ रीको औधोगिक क्षेत्र के सामने स्तिथ बंजर (मंगरा) भूमि पर दोपहर में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग की लपटें हवा के साथ आगे बढ़ती गई और मंगरा भूमि पर खड़ी सुखी घास में झलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर जायल पुलिस और प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर पर प्रयास कर पानी के टैंकरों से आग पर काबू पाया। आग की लपटों से 3 से 4 किलोमीटर तक पहुंच गयी।

आसपास के खेतों में कार्य करने वाले ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया। प्रशासन द्वारा नागौर ओर डीडवाना से फायर बिग्रेड की गाड़ियां भी मंगवायी गयी, लेकिन जिला मुख्यालय से अधिक दूरी होने के चलते दमकल गाड़ियां आग लगने के 2 घण्टे बाद पहुंची तब तक ग्रामीणों द्वारा टैंकरों से आग पर काबू पाया जा चुका था। घटना स्थल पर तहसीलदार रामधन बिश्नोई, पटवारी हुकमाराम बिडियासर, भू-निरीक्षण अधिकारी लिखमाराम सहित वन विभाग के आला अधिकारी घटना स्थल पर मौके पर पहुंचे ओर आगजनी की घटना के बारे में जानकारी जुटाई गयी।

**आग पर काबू पाने के संसाधन नाकाफी, दमकल की दरकार :** जायल नगरपालिका सहित उपखण्ड के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के 142 गांवों में आए दिन आग लगने की घटनाएं सामने रही है, लेकिन आग को काबू पाने के लिए स्थानीय स्तर पर कोई पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

आग पर काबू पाने के लिए नगरपालिका ओर ग्राम पंचायतों के पास कोई अग्निशमन यंत्र भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिला मुख्यालय से ज्यादा दूरी होने से अग्निशमन वाहन समय पर नहीं पहुंच पाते, जिससे आगजनी की घटना में बहुत बड़े नुकसान होते है। स्थानीय स्तर पर अग्निशमन वाहन उपलब्ध हो तो समय पर आग बुझाने में सफलता मिल सकती है।

# सफल ऑपरेशन के बाद नेत्र रोगियों ने आयोजकों को दी दुआएं



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान मे रामानंद चंद्रकुमार वर्मा के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से आयोजित नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर मे ऑपरेशन हुये 39 रोगियों को शंकरा अस्पताल जयपुर से बस द्वारा कुचामन लाया गया।

नेत्र ज्योति पाकर रोगियों ने आयोजकों को दुआएं दी। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने चिकित्सक टीम, भामाशाह वर्मा परिवार एवं व्यवस्था में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा अगर आपके प्रयासों से मोतियाबिंद रोगियों को यह खूबसूरत दुनिया देखने को मिलती है तो इससे बड़ा कोई नेक कार्य नही है इसी को देखते हुए क्लब ने कुचामन एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्र को मोतियाबिंद मुक्त बनाने का लक्ष्य लिया जिसके तहत प्रत्येक माह नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे है। सहसचिव लॉयन रचित नंदवाना ने बताया ऑपरेशन हुए रोगियों का फॉलोअप शिविर 20 अक्टूबर को माहेश्वरी भवन में आयोजित किया जायेगा।

# खारिया में भामाशाह व कला उत्सव में जिला स्तर पर विजेता विद्यार्थियों का किया सम्मान



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** उ.मा.वि. खारिया में भामाशाह तथा कला उत्सव में जिला स्तर पर विजेता विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि उदयसिंह खारिया तथा भामाशाह रामूराम कुमावत मौजूद रहे। संस्थाप्रधान एवं पीईईओ दिनेशचंद्र लाडना की प्रेरणा से भामाशाह रामूराम कुमावत ने विद्यालय को 13,500 रूपये कीमत की इलेक्ट्रिक बेल भेंट की। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों एवं भामाशाह का माल्यार्पण एवं साफा बंधन कर सम्मान किया गया। जिला स्तर पर कला उत्सव में भाग लेकर विजेता रहे विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि, संस्था प्रधान और विशिष्ट अतिथि द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीबीईओ साहब द्वारा कला उत्सव प्रभारी श्रीमती ज्योति वर्मा एवं श्रीमती शीला कंवर तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर प्रभारी श्रीमती मनुड़ी कनवाडिया, श्रीमती सुनीता बडगूर्जर का भी सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान द्वारा आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार व्याख्याता आनंदराम, मूलाराम, सुचेता, वरिष्ठ अध्यापक बिरदाराम, शिवपाल सिंह, शंकरदास, सुनील जोशी, सुनीता जैन, पुष्पेन्द्र सिंह, दीपेन्द्र सिंह, रामेश्वर लाल, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, ज्योति वर्मा, शीला कॅवर, भागीरथ राम, रतनलाल एवं समस्त शाला परिवार तथा ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# केश कला बोर्ड अध्यक्ष गहलोत का स्वागत



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के मायला बाजार में सेन समाज बंधुओं ओर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा केश कला बोर्ड के अध्यक्ष मेहन्द्र गहलोत का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जायल आगमन पर विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल सहित सेन समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रधान रिद्धकरण लोमरोड़, नागौर के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सैन, ,नारायणी सेना के राष्ट्रीय सचिव भरत सेन , जायल सेन समाज के अध्यक्ष गिरधारी सैन,, मुरलीधर, प्रभुराम सैन, पीथाराम, संपतलाल रतनलाल आदि मौजूद रहे।

# सुकन्या समृद्धि योजना के 11वें चरण के तहत डायरी वितरण व योजना से प्रेरित होकर खाते खुलवाने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के आसपुरा रोड स्थित मॉडर्न महिला महाविद्यालय में शनिवार को सरपंच खारिया व मॉडर्न एज्यूकेशन ग्रुप चैयरमेन देवीलाल दादरवाल के तत्वावधान में सुकन्या समृद्धि योजना के 11 वें चरण के तहत डायरी वितरण व योजना से प्रेरित होकर खाते खुलवाने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह का आगाज माटी कला बोर्ड के पूर्व चैयरमेन हरीश कुमावत, जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी ने सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नावां विधानसभा के पूर्व विधायक व भाजपा के भीष्मपितामह हरीश कुमावत ने कहा कि खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल ने पिछले दो वर्षो से लगातार सुकन्या समृद्धि योजना में कार्य करके हजारों गांव व ढाणी से बेटियों को योजना में जोड़ दिया हैं, जो कि नागौर जिले में ऐसा कार्य करने वाले पहले सरपंच दादरवाल बने है। जो कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण राजस्थान में योजना चल रही हैं। इस दौरान कार्यक्रम में जिला प्रमुख चौधरी ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत सरपंच खारिया देवीलाल दादरवाल ने अपनी अनूठी पहचान बनाई हैं। किसी भी योजना में धरातल पर कार्य करना बडी बात है। वहीं कार्यक्रम में अखिल भारतीय महासभा गुर्जर के संघठन महामंत्री बच्चूसिंह गुर्जर ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना में कन्याओं के भविष्य को निखारने की शानदार योजना है, जिसमें खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल की तरह प्रत्यके ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को योजना में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इससे बेटियों को भविष्य में आर्थिक मदद मिल सके। इस दौरान गुर्जर ने कहा कि यह योजना आगामी वर्षों में महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाता हैं। वहीं समाज में सामाजिक मतभेद से बचा जा सकता हैं।

**इन्होंने किया सम्बोधित :** इस दौरान कार्यक्रम को समाजसेवी मनीष व्यास, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अल्पना अग्रवाल, कुचामन विकास समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा, लॉयन्स क्लब संरक्षक श्यामसुन्दर मंत्री ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

संस्था निदेशक देवीलाल दादरवाल ने अपने जन्मदिवस की शुभकानाएं देने वालों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना से प्रेरित होकर भामाशाहों व स्वयं ने पिछले दो वर्षों में 1500 से अधिक सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खुलवाकर कन्याओं को लाभान्वित किया है। इस दौरान कार्यक्रम में दादरवाल की पहल से प्रेरित होकर खाता खुलवाने वाले 11 भामाशाहों को स्वर्ण पदक व प्रंशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ये प्रबुद्धजन रहे मौजूद

इस दौरान कार्यक्रम में संस्था उपाध्यक्ष रामनिवास दादरवाल, भाजपा युवा नेता ज्ञानाराम रणवां, भाजपा नेत्री रजनी गावड़िया, शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष राजकुमार फौजी, सरपंच संघ अध्यक्ष धन्नाराम फौजी, उगरपुरा सरपंच श्रवण कुमार मेघवाल, चांदपुरा सरपंच परसाराम राठी, परेवड़ी सरपंच राजकुमार सोनी, हिराणी सरपंच मदनलाल सोकल, जिला परिषद सदस्य सुनिल चौधरी, नावां उपप्रधान छगनलाल कुमावत, भार्गव समाज अध्यक्ष मुकेश भार्गव सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद थे।

# वन्य जीव हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा

## श्री टैगोर महाविद्यालय में वन्य जीवन की झलक विषय पर पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता आयोजित





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के झालरा रोड स्थित श्री टैगोर महाविद्यालय में अध्ययरत् विद्यार्थियों ने वन्य जीवन व प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूकता हेतु 'वन्य जीवन की झलक' विषय पर पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक सीताराम चैधरी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ, शुद्ध व संरक्षित पर्यावरण में ही प्रकृति की सच्ची सुन्दरता निवास करती है। हरियाली से आच्छदित घने जंगल, और उनमें उन्मुक्त भाव से विचरते वन्य प्राणि ही इस धरती का श्रृंगार है अतः इस अनमोल धरोहर को बचाने का हमसब को मिलकर हर संभव प्रयास करने चाहिए। महाविद्यालय सचिव राजेश चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की भारत में वन्य जीवों के संरक्षण के महत्व का विचार प्राचीन काल से ही हमारी धर्म व संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने वन्य जीवन से जुड़े विभिन्न उपविषयों यथा जैव विविधता, अभ्यारण्य, वन्य जीव संरक्षण तथा लुप्तप्राय प्रजातियो पर आधारित पोस्टर व मॉडल बना कर अपने भावों को उकेरा। इस प्रतियोगिता में कुल 31 पोस्टर व मॉडल बनाए गए।

**सभी जीव प्रकृति की संतान :** कार्यक्रम में श्री टैगोर इंटिग्रेटेड महाविद्यालय के निदेशक श्री बजरंग लाल बाजिया ने विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों कि प्रतिभा व विचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वृहद रूप में देखा जाए तो पृथ्वी पर पाये जाने वाले सभी जीव प्रकृति की संतान है। सभी एक परिवार के सदस्य के रूप में सभी एक-दूसरे के हित में कार्य करते हुए आपसी सम्बन्ध स्थापित कर जुड़े हुए है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा बी.ए.प्रथम वर्ष से ऐश्वर्या मोदी द्वितीय स्थान पर कक्षा बी.ए. प्रथम वर्ष से तमन्ना तिवाड़ी तथा तृतीय स्थान पर कक्षा बी.ए. तृतीय वर्ष और बी.एस.सी प्रथम वर्ष से अर्जुन दास, किरण और अतुल कुमार पटेल रहें।

**वन और वन्य जीव, प्रकृति व हमारे असतित्व की नींव :** अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वन और वन्य जीव, प्रकृति व हमारे असतित्व की नींव है। इनका नष्ट एवम् विलुप्त होना हमारे लिए खतरे का संकेत है।

इसके महत्व को देखते हए भारत सरकार ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम को लागू किया। वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण व वन्य जीवन संरक्षण को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझते हुए उनके संरक्षण का प्रयास करें।

इस अवसर पर महाविद्यालय में कार्यरत सभी व्याख्याता व अशैक्षणिक कमचारियों का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सराहनीय सहयोग रहा।

# केश कला बोर्ड अध्यक्ष व राज्यमंत्री महेन्द्र गहलोत का हुआ स्वागत

## समाजबन्धुओं से की मुलाकात

धनेश कुमार



**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** जयपुर से नागौर निजी कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे कांग्रेस राज्यमंत्री व केश कला बोर्ड अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत का ग्रामवासियों व समाज के बन्धुओं ने साफा व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में नागौर पूर्व प्रधान व जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश सैन, केश कला बोर्ड सदस्य माणकचन्द सैन, कांग्रेस सेवादल जिला सचिव विकास अजमेरा मेड़तासिटी, मौलासर सरपंच जोगेंद्र बलारा, कांग्रेस जिला सचिव भागिरथराम बलारा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जोधाराम सोहु मंचस्थ रहे। उपस्तिथो को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री महेन्द्र गहलोत ने कहा कि सैन समाज आज के युग मे अभी पिछे है इस समाज को आगे आने कि जरूरत है। सैन समाज शिक्षा जगत में भी अभी पिछे है। समाज के लोगो को जागरूक होना अतिआवश्यक है कांग्रेस ने सैन समाज को हमेशा नई दिशा देने का काम किया है। वही पत्रकारों से रूबरू होते हुए राज्यमंत्री महेन्द्र गहलोत ने कांग्रेस के विकास कार्यों की उपलब्धिया गिनाते हुये सैन समाज के प्रति कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलाते से चर्चा की, जिस पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी कार्य को करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सेन समाज अध्यक्ष श्रवण सेन डाबड़ा,श्यामसुंदर सांभरिया, कमल सैन निमोद, मुन्ना लाल सांभरिया, प्रकाशचंद सांभरिया, हीरालाल सांभरिया, नटवरलाल सांभरिया, छीतरमल सेन, धनराज सांभरिया सहित समाजबन्धु मौजूद रहे।

# तृतीय सोपान शिविर का नागौर के स्काउट व गाइड सीईओ ने किया निरीक्षण

महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा निकटवर्ती ग्राम गाजू में चल रहे स्काउट गाइड मुण्डवा के तृतीय सोपान शिविर का नागौर के स्काउट सीईओ अशफाक पंवार और गाइड सीईओ मीनाक्षी भाटी द्वारा निरीक्षण किया गया। अशफाक पंवार मुंण्डवा ब्लॉक स्काउट गाइड को सक्रिय करने के लिए स्थानीय स्काउट सचिव गजेन्द्र गेपाला और पूरी टीम की सराहना की। गाइड सीईओ मीनाक्षी भाटी ने सभी को स्काउट गाइड की उपयोगिता बताई। भाटी ने बताया कि आज के समय बिना कुछ किये कोई उपलब्धि नहीं मिलती।

प्रधानाचार्य सतार खान कायमखानी ने बताया कि शिविर आयोजन से सभी बच्चो के द्वारा पूरे जिले में अच्छा संदेश जाना चाहिए और सकारात्मक वातावरण बनना चाहिए। इस मौके पर बस्तीराम खोजा, दिनेश मुंडेल, धर्माराम कड़वासरा, हरिओम तिवाड़ी, रामकिशोर डिडेल, हनीफ



मोहम्मद,विकास सिंघवी,, आत्माराम टाक, ज्योति गेपाला, संतोष सेवर, सुमित्रा, सतीश मिर्धा, रुपेन्द्र, रामकुमार भोजावत, रामकिशोर भाकर मौजूद रहे।

# स्व. बालकृष्ण सारड़ा की 27वीं पुण्य तिथि पर कुचामन में होंगे अनेक कार्यक्रम

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन विकास समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं विकास पुरूष स्व. श्री बालकृष्ण सारड़ा की 27वीं पुण्य तिथि 16 अक्टूबर रविवार को समिति के तत्वावधान में अनेक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे, जिसकी सूची साथ संलग्न की जा रही है। विशेष रूप से पुराने बस स्टेण्ड पर प्रातः 7 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा के पश्चात 9 बजे से 3 बजे तक ब्लड डोनेशन केम्प का आयोजन उनकी स्मृति में रखा जायेगा।

# हिस्ट्रीशीटर सहित चार युवकों को अवैध हथियारों के जखीरे के साथ पकड़ा

## डकैती की योजना बना रहे 4 बदमाशों को खुनखुना पुलिस ने किया गिरफ्तार

### पिस्टल रिवाल्वर कारतूस मिर्ची पाउडर एवं दो बाइक बरामद

अली शेर खान

**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** पुलिस अधीक्षक नागौर के निर्देशानुसार दीपावली के त्यौहार को मध्यनजर रखते हुऐ बाजारों में भीड़भाड़ रहने व बाजार दुकानों पर खरीददारी करने वालों की भीड़भाड़ रहने से किसी प्रकार की वारदात नहीं हो, निरन्तर संदिगध / आपराधिक प्रवृति के लोगों पर निगरानी रखने, प्रभावी गस्त व नाकाबंदी के निर्देश प्रदान करने पर विमलसिंह नेहरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीडवाना व गोमाराम वृत्ताधिकारी वृत्त डीडवाना के सुपरविजन में आपराधिक प्रवृति के लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये। निर्देशों की पालना में शनिवार को थानाधिकारी पुलिस थाना खुनखुना को सूचना प्राप्त हुई कि खुनखुना गांव के पास करणी माता मंदिर के पीछे सुनसान जगह पर चार-पांच संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुऐ हैं।

जानकारी पर थानाधिकारी खुनखुना मय जाब्ता के मौके पर पहुंच कर गुप्त रूप से इन लोगों की रैकी की गई तो मंदिर के पिछे पांच व्यक्ति दो मोटरसाईकिल के साथ बैठे मिले जो आपस में डीडवाना में किसी बड़े ज्वैलरी शोरूम में डकैती डालने की योजना बना रहे थे। थानाधिकारी ने मय जाब्ता द्वारा योजनाबद्ध तरिके से त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर डकैती की योजना बनाते चार लोगों को मौके पर पकड़ लिया व एक व्यक्ति भागने में सफल हो गया।



### ये जखीरा मिला संदिग्धों के पास से

पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों के नाम पते पूछने पर गोविन्द उर्फ बबलू नायक निवासी खुड़ी, नरेश चौधरी निवासी छोटी खाटू असफाक खान निवासी अम्बाली व गोपाल सोनी निवासी छोटी खाटू होना बताया जिनकी तलाशी लेने पर गोविन्द उर्फ बबलू के कब्जे से एक देशी रिवाल्वर व चार कारतूस, नरेश चौधरी के कब्जे से एक गुप्ती, असफाक खान के कब्जे से एक देशी पिस्टल व चार कारतूस, गोपाल सोनी के कब्जे से मिर्ची पाउडर व मोटरसाईकिल की तलाशी में रस्सी व टैप बरामद किये गये हैं। मौके से फरार होने वाले की पहचान की गई तो भवानीसिंह निवासी छोटी खाटू के रूप में हुई। सभी को मौके से गिरफ्तार किया व उनके कब्जे से मिले हथियार, कारतूस, गुप्ती, लाल मिर्ची, रस्सी, टैप व दो बिना नम्बरी मोटरसाईकिले जब्त की जाकर चारों के विरूद्ध मुकदमा नम्बर 229 / 2022 धारा 399,402 भादस व 3 / 254/25 में दर्ज कर कार्यवाही जारी है।

### पकड़े गये आरोपियों में एक हिस्ट्रीशीटर

गोविन्दराम उर्फ बबलु जाति नायक उम्र 23 साल निवासी खुडी पुलिस थाना खुनखुना का हिस्ट्रीशीटर है जिसके पूर्व में चोरी नकबजनी के कुल 07 प्रकरण दर्ज होकर चालान न्यायालय में पेश किये गये हैं। दूसरे फरार मुलजिम भवानीसिंह के विरूद्ध कुल पांच प्रकरण आर्म्स एक्ट, एससी एसटी एक्ट, प्राण घातक हमला व मारपीट के दर्ज होकर चालान न्यायालय में पेश किये गये हैं। व असफाक खान निवासी अम्बाली पुलिस थाना खाटु बडी के दो प्रकरण मारपीट दर्ज होकर चालान न्यायालय में पेश हुआ है।

### यह हुई बरामदगी

थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि एक पिस्टल मय चार कारतूस,एक रिवाल्वर मय चार कारतूस,एक पिस्टल की खाली मैगजीन,एक गुप्ती, एक रस्सी, एक टैप चकरी, दो मिर्ची पाउडर की थैली, दो बिना नम्बरी मोटरसाईकिल बरामद की गई है।

### टीम में यह रहे शामिल

बनवारीलाल मीणा थानाधिकारी खुनखुना, छोटुराम हैड कांस्टेबल, महेन्द्र कुमार हैड कांस्टेबल, मनोहर लाल हैड कांस्टेबल, छीतरमल, धर्मेन्द्र कुमार, रामकुमार, सुशील, वृत कार्यालय डीडवाना की सराहनीय प्रयास से चारों आरोपियों को पकड़ा गया।

# कुचामन में कैफे से लहुलुहान हालत में युवती को पहुंचाया हॉस्पिटल

## युवक को पकड़कर पुलिस ले आई थाने

### युवती के प्राइवेट पार्ट से हो रही ब्लडिंग के कारण संदेह में आया मामला

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी के एक कैफे व गेस्ट हाऊस में शनिवार को एक बार फिर कांड हो गया। जानकारी के अनुसार शहर के अम्बेडकर सर्किल स्थित सिटी कैफे व गेस्ट हाऊस से एक युवती को लहु-लुहान हालत में राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी पहुंचाया गया। युवती के प्राइवेट पार्ट से बुरी तरह से खून बह रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुचामन पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने युवती को जहां ईलाज के लिए भर्ती कराया वहीं अम्बेडकर सर्किल के पास स्थित सिटी कैफे व गेस्ट हाऊस से एक युवक को पकड़कर अपने साथ थाने ले आई। हालांकि पुलिस इस पूरे मामले पर लगातार पर्दा डालती रही लेकिन नागौर डेली ने अपने स्तर पर तफ्तीश की तो सामने आया कि पुलिस गिरफ्त में आया युवक झुंझनू का है व युवती कुचामन की है।

**युवक की मोटरसाइकिल जब्त, मिठाई भी मिली :** पुलिस ने उसके पास से मोटरसाइकिल व मिठाई का डिब्बा भी बरामद किया है। वहीं युवक का कहना है कि युवती उसकी मंगेतर है। युवती के प्राईवेट पार्ट से तेज ब्लडिंग होने के सवाल पर पुलिस बचती रही। पुलिस का कहना है कि अभी फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। प्राइवेट पार्ट से ब्लॅडिंग का कारण माहवारी है, कोई बीमारी है या उसके साथ कोई खोटा काम हुआ है ? यह कहना अभी मुनासिब नहीं है। यदि युवती किसी प्रकार की रिपोर्ट देती है तो कार्यवाही की जाएगी।

# रेलवे स्टेशन के सामने बनेगा टैक्सी स्टैण्ड

## नगरपालिका ने भूमि को करवाया अतिक्रमण मुक्त

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** रोशनी के त्यौहार दिवाली से पहले लाडनूँ शहर को नए टैक्सी स्टैंड की सौगात दी जाएगी। इसके लिए तैयारियां करते हुए यहां नगरपालिका की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है। वर्तमान में लाडनूँ नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने बताया कि शहर में अतिक्रमण कर सौंदर्य बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत लाडनूँ रेलवेस्टेशन के सामने लम्बे समय से ईंट व पत्थर रखकर अतिक्रमण करने वालों को 3 दिनों में अपना सामान हटवाने का नोटिस जारी किया गया था। इसी कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को यहां पीले पंजे से भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाकर सफाई की गई है। आगामी एक सप्ताह के



भीतर यहां नया टैक्सी स्टैंड संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही डॉ. भास्कर निरन्तर अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई कर शिकंजा कस रहे हैं। वहीं पिछले एक सप्ताह में एक दर्जन से अधिक बेसहारा गायों को विभिन्न गौशाला को सौंपा गया है।

# लाडनूँ एसडीएम व टीम को जिला कलेक्टर ने किया सम्मानित

## प्रशासन गांव के संग अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान

अबूबकर बल्खी




**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्व दिवस के अवसर पर लाडनूँ उपखंड में प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान एसडीएम व उनकी टीम द्वारा निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर तहसील के गौरव बढाने के लिए उपखंड अधिकारी अनिल कुमार व भू-अभिलेख निरीक्षक गोपालराम, पटवारी दीनाराम तथा पटवारी राकेश कुमार को जिला कलेक्टर पीयूष समरिया ने प्रशस्ति पत्र एंव मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया है। एसडीएम अनिल कुमार गढ़वाल ने बताया कि प्रशासन गांव के संग अभियान को लाडनूँ तहसील में एक उत्सव के रूप में उत्साह के साथ मनाया गया व ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर उनका निस्तारण करवाया गया। इस दौरान भू-अभिलेख निरीक्षक गोपालराम ऑनलाइन नामांतरण कार्यों में विरासत, रहन, शुद्धि, बंटवारा आदि कार्यों को ऑनलाइन करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इसी टीम में पटवारी दीनाराम ने सारडी सर्किल में नामांतरण व खेतों का। विभाजन कार्य किया तथा पटवारी राकेश कुमार ने निम्बीजोधा क्षेत्र में नामांतरण का उत्कृष्ट कार्य किया है। इनके साथ उपखंड की पूरी टीम का जिलेभर में सराहनीय योगदान रहा है।

# युवक ने फंदा लगाकर की जीवन लीला समाप्त

## पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट, युवक करता था कलर पेंट का काम

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड कस्बे में शनिवार को सुबह एक 26 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में अज्ञात परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना का पता चलते ही परिवार जनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव उतरवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए मेड़तासिटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में पहुंचाया, जहां लगभग सुबह 11:30 बजे युवक का पोस्टमार्टम किया गया। आपको बता दें कि लटियालों के मोहल्ले में रहने वाले दीपक उम्र 26 वर्ष पुत्र मेहताब अज्ञात परिस्थितियों में अपने गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मेड़ता रोड पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिवार जनों की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतरवाया । जिसके के बाद शव को मेड़ता सिटी के सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम किया। मृतक दीपक के परिजनों ने बताया कि दीपक मेड़ता रोड तथा आसपास के गांव में जाकर कलर पेंट का



काम करता था तथा मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करता था। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिसके कारण पुलिस को भी दीपक के सुसाइड करने का कारण पता नहीं चल पा रहा है। मेड़ता रोड थाना पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है, तथा मृतक के परिजनों तथा पड़ोसियों से जानकारी ली जा रही है। फिलहाल मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**फिर खली चिकित्सक की कमी :** नागौर जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मेड़ता रोड के पीएचसी में चिकित्सक नहीं होने के कारण युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए 18 किलोमीटर दूर मेड़तासिटी चिकित्सालय भिजवाया गया, जिसके कारण एक बार फिर देखता रोडवेज चिकित्सक की कमी खली है। आपको बता दें कि यहां पर चिकित्सकों की कई बार मांग की गई है लेकिन अब तक मेड़ता रोड पीएचसी में किसी भी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हुई है। मेड़ता रोड पीएचसी में डॉक्टर नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मजे की बात तो यह है कि 40 हजार आबादी वाले कस्बे में मात्र एक पीएचसी है उसके ऊपर डॉक्टर का नहीं होना एक बड़ी चिंता का विषय है। मेड़ता रोड पीएचसी में लगभग 250 से 300 मरीजों की ओपीडी प्रतिदिन होती है, लेकिन डॉक्टर नहीं होने की वजह से स्थानीय लोगों को उपचार नहीं मिल पा रहा है इस पीएचसी में लगभग चार महीने पूर्व एक डॉक्टर रामप्रकाश गाल्वा नियुक्त थे लेकिन राजनीतिक दृष्टिकोण के चलते उनका भी अन्यत्र स्थानांतरण हो गया जिसके बाद अब तक मेड़ता रोड पीएचसी में किसी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हो पाई है। साथ ही साथ कस्बे में 4 पुलिस थाने भी लगते हैं जिसमें आए दिन कोई ना कोई गंभीर मामले सामने आते हैं। लेकिन डॉक्टर के अभाव में चारों थाने में आने वाले मुलजिम को उपचार हेतु मेड़ता सिटी ही ले जाना पड़ता है।

### 18 किमी दूर जाने की मजबूरी

वहीं किसी भी प्रकार के दुर्घटना में मरने वालों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए 18 किलोमीटर दूर मेड़ता सिटी ले जाना पड़ता है। जिसके कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आमजन की समस्या कुछ भी हो लेकिन इन बातों से ना तो यहां के राजनीति के लोगों को सरोकार है और ना ही राज्य सरकार को। जहां एक और राज्य सरकार चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने का ढिंढोरा पीट रही है वही मेड़ता रोड की जनता इन सुविधाओं से वंचित नजर आ रही है। यहां की जनता के आंसू पोंछने वाला कोई जनप्रतिनिधि अब तक उभर कर सामने नहीं आया है।

# मूण्डवा ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधित

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** अजमेर विद्युत डिस्कॉम मूंडवा के क्षेत्राधिकार अधीनस्थ 33 केवी लाइनों के आवश्यक रखरखाव एवं हाईरिस्क पोइंट के मरम्मत कार्य हेतु राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड 132 केवी जीएसएस मूंडवा से निकलने वाले 33 केवी जीएसएस खारड़ा, कड़लु, बलाया की विद्युत सप्लाई रविवार को सुबह 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मुण्डवा शहर कनिष्ठ अभियंता अभियंता सुरेश चौहान ने बताया कि राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड मूंडवा के 132 केवी जीएसएस से निकलने वाले 33 केवी जीएसएस खारडा, कड़लु, बलाया उपचौकियों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में डूडीवास, पिथोलाव, कड़लु, भेड़, चीबानिया, बलाया, पालड़ी व्यासा आमंडा, पाराशरा, सांखला की ढाणी सहित इत्यादि गांवों की विद्युत आपुर्ति बाधित रहेगी।

# अपराधियों में खोफ व आमजन में विश्वास पैदा करें पुलिस अधिकारी- डिप्टी सेनी

## क्राईम बैठक में थानाधिकारियों को दिये निर्देश

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डिप्टी कार्यालय डेगाना में शनिवार को पुलिस उप अधिक्षक नंदलाल सेनी ने सर्किल डेगाना के सभी थानाधिकारियों की बैठक लेकर क्षेत्र में सुरक्षा ओर शांती व्यवस्था पर चर्चा की तथा आने वाले त्योहारों को देखते हुये क्षेत्र की सुरक्षा ओर शांती व्यवस्था को बनाये रखने तथा अपराधों को नियंत्रित करने के लिए आम जन का सहयोग प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि पुलिस को आमजन में विश्वास ओर अपराधियों में खोफ के सलोगन को चरितार्थ करें। इस अवसर पर डिप्टी सेनी ने सभी थानों के प्रभारियों को अपराध संबंधी सूचना डिप्टी कार्यालय में तुरंत देने तथा चाही गई सूचनाओं को समय पर ही भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने थानों मे लंबित मामलों की समीक्षा करते हुये उनका निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिससे क्षैत्र मे शांती व्यवस्था बनी रहै। इस अवसर पर थांवला थानाधिकरी हीरालाल,



गच्छीपुरा के अमरचंद,ओर पादू की सुमन चोधरी ने अपने क्षैत्र की स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर रीडर पुरखाराम, रामचरण जागिड़, रामाकिशन, बना साहब, उषा चोधरी सहित स्टॉफ के लोगो ने भाग लिया।

# कुचामन में परिवार गया हुआ था अजमेर, पीछे से चोरों ने बोला धावा

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन के बुनकर बस्ती स्थित एक घर से लाखों रूपयों के माल की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में नेमीचंद पुत्र लूणाराम जाति मेघवाल 39 वर्ष ने कुचामन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि वह अपने आवास बुनकर बस्ती रहता है। अपने परिवार व छोटे भाई के साथ अजमेर गया हुआ था।

वापस आया तो घर के दरवाजे व बक्सों की कुण्डिया तोड़ी हुई थी। बक्से में रखे एक लाख रूपये के नकदी, 2 किलो चांदी एवं सोने के गहने गायब मिले। पुलिस ने चोरी के मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है। सहायक निरीक्षक पूनमचंद मामले की जांच कर रहे हैं।

# डेगाना डिप्टी कार्यालय में पहली बार बड़े स्तर पर सीएलजी मीटिंग हुआ आयोजन

## ट्रैफिक व्यवस्था सुधार को लेकर प्रतिष्ठान खुद से करें शुरुआत : अटवाल

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के डिप्टी कार्यालय मे शनिवार को साँय 5 बजे से शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ शांति समिति मिटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी नंदलाल सेनी के नेतृत्व में डेगाना मे पहली बार शहर वासियों से रूबरू होकर समस्याओं के बारे में जाना ओर निवारण हेतू साथ मिलकर समस्याओं का हल करने की बात कही। इस मीटिंग का आयोजन नगरपालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल व प्रधान सुनीता चोयल की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल ने अपने विचार प्रकट करते हुए शहर वासियों के द्वारा उठाये गये ट्रैफिक व्यवस्था, साफ सफाई, शुलभ शौचालय सहित पर बोलते हुए अटवाल ने बताया कि शहर में मुख्य सडकों पर लगने वाले जाम को लेकर प्रशासन अलर्ट है। पुलिस प्रसासन ओर नगरपालिका मिलकर इस मुद्दे पर विचार विमर्श कर रही है। अटवाल ने शहर वासियों से भी अपील करते हुए कहा कि आप भी अपने वाहन को



सड़क के बीच में खड़ा ना करें साथ ही आप के सहयोग से ही प्रशासन इस समस्या से निजात दिला सकता हे। चेयरमैन अटवाल ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था की सुधार को लेकर प्रतिष्ठान खुद से ही शुरुआत करें और अपने वाहन या दूसरों के वाहन अपने प्रतिष्ठान के सामने नहीं खड़ा करने दें। पालिका अध्यक्ष ने आये हुए मेहमानों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी ओर शांती व भाईचारे के इस त्योहार को एक साथ मिलजुल कर मनाने की बात कही। इस दौरान प्रधान सुनीता चोयल ने भी डिप्टी नंदलाल सेनी की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा को आम जनता ओर प्रशासन को एक जुट रखने के लिये ऐसे आयोजन होना बेहद जरूरी है, जिससे आम जनता के बीच प्रशासन का भय खत्म हो ओर मिलजुल कर कार्य करें। शांती व दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन करने में अहम भूमिका निभाने वाले डिप्टी नंदलाल सेनी ने सभी शहरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए दीपावली पर्व प्रेम व भाईचारे के साथ मनाने की बात कही। थाने में पुलिस स्टॉफ़ की कमी होने के बावजूद भी डिप्टी ने शहरवासियो से कानून वयवस्था में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने की बात कही।

-ये प्रबुद्धजन रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व प्रधान रामपाल महिया, युवा नेता परसाराम चोयल राजापुरा, डेगाना शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष हारून रशीद खान, कांग्रेस मीडिया प्रभारी इब्राहिम खान, वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष कन्हैया लाल स्वर्णकार, डॉ आर के चौधरी, बेनीगोपाल शर्मा, भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष बंसीलाल चोयल, वरिष्ठ नेता बीरदी चंद तोषनीवाल, भामाशाह अनवर अली भाटी, भामाशाह द्वारकाप्रसाद हेडा, महेश्वरी समाज के अध्यक्ष राधेश्याम करवा, शिक्षाविद

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com